

अखबार वो जो दिखाता है सच
हिन्दी दैनिक
# तेजयुग न्यूज़
स्थापना दिवस 2024
www.tejyug.com
• सोमवार, 11 मार्च, 2024
• Monday, 11 March, 2024
• वर्ष/year : 01 • अंक/issu : 70 • पृष्ठ/page 12 • मूल्य/rate : 3 ₹
हापुड़ से प्रकाशित/ Published From Hapur
UPHIN/2023/51292

# विकसित भारत की दिशा में देश दौड़ रहा है : पीएम

## कहा, जिस आजमगढ़ को देश के पिछड़े इलाकों में गिना जाता था, आज वही देश के लिए विकास का नया अध्याय लिख रहा है

तेजयुग न्यूज



**आजमगढ़ :** प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले चुनाव के समय जनता की आंख में धूल झोंकने के लिए नेता घोषणाएं कर देते थे, बाद में कोई पूछने वाला नहीं होता था। जांच करने पर पता लगता कि 30-35 साल पहले घोषणा हुई थी, पत्थर गाड़ दिए गए थे। बाद में पत्थर भी खो जाते और नेता भी खो जाते थे।

मगर आज देश देख रहा है कि मोदी दूसरी मिट्टी का इंसान है। हमने 2019 में जो शिलान्यास किए, आज उसे धरातल पर उतारा जा चुका है। 2024 में भी कोई मेहरबानी करके इन विकास कार्यों को चुनावी चश्मे से न देखे। ये विकास की मेरी अनंत यात्रा का अभियान है। मैं 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लेकर तेज गति से दौड़ रहा हूं और देश को भी तेज गति से दौड़ा रहा हूं।

पीएम मोदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि बीते वर्षों में डबल इंजन सरकार ने यूपी में लाखों करोड़ के विकास कार्य कराए हैं। इससे न सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर बदला है बल्कि युवाओं के लिए लाखों नए अवसर बने हैं। आज यूपी की पहचान रिकॉर्ड निवेश और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से हो रही है।

### तुष्टिकरण का जहर भी कमजोर पड़ रहा है

पीएम ने कहा कि यूपी जैसे-जैसे विकास की बुलंदियों को छू रहा है, तुष्टिकरण का जहर भी कमजोर पड़ रहा है। पिछले चुनाव में आजमगढ़ के लोगों ने दिखा दिया कि परिवारवादी लोग जिसे अपना गढ़ समझते थे उसे दिनेश जैसे एक नौजवान ने ढहा दिया। इसलिए परिवार वादी लोग इतने बौखलाए हुए हैं। आए दिन मोदी को गाली दे रहे हैं। कह रहे हैं कि मोदी का अपना परिवार नहीं है। वो ये भूल जाते हैं कि मोदी का परिवार देश की 140 करोड़ जनता है। आज हिंदुस्तान के हर कोने से आवाज आ रही है, हर कोई कह रहा है कि 'मैं हूं मोदी का परिवार'।

यूपी की चर्चा एक्सप्रेस- वे, बेहतर कानून व्यवस्था से हो रही है। अयोध्या में राम मंदिर का सदियों पुराना इंतजार भी समाप्त हो गया है। बनारस, मथुरा, कुशीनगर के विकास से यूपी में पर्यटन तेजी से बढ़ा है, इसका लाभ पूरे प्रदेश को मिल रहा है। यही गारंटी 10 साल पहले दी थी, जो आज पूरी हो रही है।

### यूपी की पूरी सफाई में आजमगढ़ को पीछे नहीं रहना है

इस बार यूपी की पूरी सफाई में आजमगढ़ को पीछे नहीं रहना है। उन्होंने भोजपुरी में कहा कि 'आजमगढ़ जौन चाह जाला ऊ कर लेवेला'। उन्होंने 'अबकी बार 400 पार' का आह्वान आजमगढ़ वासियों से किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि एक साथ इतने सारे विकास कार्यों का शुभारंभ आजमगढ़ के इतिहास की पहली घटना है। उन्होंने इसे विकास का उत्सव बताया।

### यहां की छवि खराब करने में कोई कमी नहीं की गई

पीएम ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ भी आजमगढ़ के किसानों को मिला है। अकेले आजमगढ़ के करीब 8 लाख किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के 2000 करोड़ रुपए मिले हैं। इतने बड़े स्तर पर विकास की इतनी तेज रफ्तार तभी मुमकिन होती है जब सरकार सही नियत और ईमानदारी से काम करती है। भ्रष्टाचार में डूबी और परिवारवादी सरकारों में इतने बड़े पैमाने पर विकास कार्य असंभव था। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में आजमगढ़ और पूर्वांचल ने पिछड़ेपन की तकलीफ ही नहीं उठाई, बल्कि उस दौर में यहां की छवि खराब करने में कोई कमी नहीं की गई। जिस तरह पहले की सरकारों में आतंक और बाहुबल को संरक्षण दिया गया, वो पूरे देश ने देखा है।

## विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को झटका

# सीपीआई ने अलग किए रास्ते

तेजयुग न्यूज



▶▶ पूर्व विधायक सरफराज होंगे राज्यसभा उम्मीदवार

**रांची :** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले विपक्षी पार्टियों के बिखरने का सिलसिला जारी है। वाम दल- सीपीआई ने झारखंड में विपक्षी गठबंधन- इंडिया से नाता तोड़ लिया है। पार्टी ने अकेले चुनाव लड़ने का एलान किया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने रविवार को कहा, पार्टी आगामी चुनाव में प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों में से आठ पर चुनाव लड़ेगी। बता दें कि फिलहाल झारखंड से सीपीआई का एक भी लोकसभा सांसद नहीं है।

सीपीआई सचिव महेंद्र पाठक ने बताया, हमने अपने दम पर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, 'भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, लेकिन कांग्रेस और 'महागठबंधन' ने अभी तक सीट बंटवारे पर कोई बातचीत नहीं की है। इसलिए, सीपीआई ने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया से अलग होने का फैसला पार्टी की राज्य कार्यकारी समिति की बैठक में लिया गया।

सीपीआई रांची, हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, पलामू, गिरिडीह, दुमका और जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारेगी। महेंद्र पाठक ने कहा कि उम्मीदवारों के नामों की घोषणा 16 मार्च के बाद की जाएगी। फिलहाल झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से बीजेपी के पास 11, आजसू पार्टी के पास एक, जेएमएम के पास एक और कांग्रेस के पास एक सीट थी। लेकिन कांग्रेस की एकमात्र सांसद गीता कोड़ा ने हाल ही में भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा ने शनिवार को पार्टी के झारखंड महासचिव प्रदीप वर्मा को राज्यसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया था। दो राज्यसभा सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 21 मार्च को होने वाला है। बता दें कि अहमद ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए 31 दिसंबर को झारखंड विधानसभा से अपना इस्तीफा दे दिया। सरफराद पहली बार 1980 में अविभाजित बिहार में विधायक के रूप में चुने गए थे। 1984 से 1989 तक गिरिडीह का प्रतिनिधित्व करते हुए संसद सदस्य के रूप में कार्यरत रहे। नामांकन प्रक्रिया 4 मार्च को शुरू हुई। झारखंड विधानसभा परिसर में 21 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच मतदान होगा। उसी दिन शाम 5 बजे गिनती होगी।

### झामुमो ने सरफराज अहमद को बनाया राज्यसभा उम्मीदवार

वहीं, एक अन्य अहम राजनीतिक घटनाक्रम में झामुमो ने पूर्व विधायक सरफराज अहमद को राज्यसभा उम्मीदवार बनाने का एलान किया। सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल दलों ने भी उनका समर्थन किया है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सरफराज राज्यसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार होंगे। 70 वर्षीय अहमद 11 मार्च को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में हुई बैठक के बाद सरफराज की उम्मीदवारी की पुष्टि की गई।





### पारा अपडेट


| मैक्सिसमम | मिनीमम |
|---|---|
| 22.00 °C | 11.00 °C |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.10 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06.25 बजे

### जम्मू-कश्मीर में लोस की सीटें पांच ही, पर समीकरण बदले

**नई दिल्ली :** अनुच्छेद-370 हटने के बाद पहली बार हो रहे लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर पर देश-दुनिया की निगाहें टिकीं हैं। चुनाव की रणभेरी बजने से पहले 16 दिन के भीतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दौरों ने सियासी गर्माहट बढ़ा दी है। यहां इस बार लोकसभा का चुनाव कई मायनों में अलग है। बीते पांच सालों के दौरान जम्मू-कश्मीर के नक्शे के साथ सियासी तस्वीर भी पूरी तरह बदल गई है। जम्मू-कश्मीर से लद्दाख अलग हो चुका है। परिसीमन के बाद संसदीय क्षेत्रों में भी बदलाव हो गया है। हालांकि, जम्मू-कश्मीर में लोकसभा की सीटें पांच ही हैं, लेकिन समीकरण बदल गए हैं। पहले कश्मीर में लोकसभा की तीन सीटें थीं और जम्मू संभाग में दो। अब जम्मू और कश्मीर में दो-दो सीटें पूरी हैं, जबकि दोनों संभागों के इलाकों को मिलाकर राजोरी-अनंतनाग नया संसदीय क्षेत्र बना दिया गया है। सत्ता संतुलन साधने के मद्देनजर बनीं इस नई सीट पर ही राजनीतिक पंडितों की खास नजर है।

### भारत दौरे पर न्यूजीलैंड के उप-प्रधानमंत्री विंस्टन पीटर्स



**नई दिल्ली :** न्यूजीलैंड के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स रविवार रात आधिकारिक दौरे पर गुजरात के अहमदाबाद पहुंचे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर के निमंत्रण पर विंस्टन पीटर्स 13 मार्च तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए हैं। नवंबर 2023 में न्यूजीलैंड में नई सरकार के गठन के बाद उप-प्रधानमंत्री पीटर्स भारत की पहली यात्रा पर अहमदाबाद और नई दिल्ली का दौरा करेंगे। बयान में कहा गया है कि पीटर्स ने इससे पहले फरवरी 2020 में विदेश मंत्री के रूप में भारत का दौरा किया था। न्यूजीलैंड के उप-प्रधानमंत्री पीटर्स सोमवार को गुजरात सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों से मुलाकात कर सकते हैं। इसके बाद वह नई दिल्ली जाएंगे और मंगलवार को एक द्विपक्षीय बैठक करेंगे। इस दौरान भारत और न्यूजीलैंड के द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, उप-प्रधानमंत्री पीटर्स का भारत यात्रा के दौरान अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ मिलने का भी कार्यक्रम है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच लोकतांत्रिक परंपराओं और लोगों के बीच संबंधों से साझा मूल्यों पर आधारित मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। बयान ने कहा गया है कि दोनों देश व्यापार-अर्थव्यवस्था, रक्षा-सुरक्षा, शिक्षा-अनुसंधान, और पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन सहित कई क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं।

# पटना के अटल पथ पर भीषण हादसा

# एसयूवी भगा रहे युवक के सीने में घुसा रॉड, एक की मौत, तीन गंभीर

## हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि एक की मौत हो चुकी है

तेजयुग न्यूज

**पटना :** पटना के अटल पथ पर फिर एक बड़ा हादसा हुआ है। इस बार भी चौड़े डिवाइडर में तेज रफ्तार गाड़ी ऐसे घुसी कि लोहे का रॉड जहां-तहां टूट गया और एक हिस्सा गाड़ी चला रहे युवक के सीने में जा घुसा। इस भीषण हादसे की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि एक की मौत हो चुकी है। जिस युवक सीने में रॉड घुसा उसका घर घटनास्थल से कुछ ही दूर अटल पथ से सटे राजीव नगर के रोड नंबर 9 में है। उसकी पहचान बिल्डर मनोज सिंह के पुत्र युवराज के रूप में हुई है। वह



आईसीयू में एडमिट है। वहीं मरने वाले युवक की पहचान सीतामढ़ी निवासी हर्ष कुमार के रूप में हुई है।

**अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर से टकराई :** स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि घटना होते ही घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल हो गया। लोगों ने बताया कि नई एक्सयूवी कार अनियंत्रित हो जाने की वजह से दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना होते ही आसपास के लोग वहां पर इकट्ठा होने लगे और चालक को किसी तरह बाहर निकालने की कोशिश करने लगे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना एसकेपुरी थाना को दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को गाड़ी से बाहर निकालने की कवायद शुरू कर दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने बताया कि गाड़ी की स्पीड काफी तेज थी। गाड़ी तेज होने के कारण अचानक अनियंत्रित डिवाइडर से टकरा गई और टकराने के बाद पलटते हुए डिवाइडर के बडे हिस्से में घुस गई। यहीं एक रॉड गाड़ी चला रहे युवक के सीने में घुस गया।

# बंगाल की 42 लोकसभा सीटों के लिए टीएमसी ने उतारे उमीदवार

## कोलकाता में रैली के दौरान घोषणा

तेजयुग न्यूज

**कोलकाता :** लोकसभा चुनाव को लेकर तमाम राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। दो मार्च को भाजपा ने अपने 195 उम्मीदवारों के नामों के साथ पहली लिस्ट जारी की थी। वहीं कांग्रेस ने भी पहली सूची में 39 उम्मीदवारों का एलान किया था। इस बीच, रविवार को विपक्षी गठबंधन को जोरदार झटका लगा है। सहयोगी दल टीएमसी ने कोलकाता में आयोजित रैली में बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने नामों की घोषणा की। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से विपक्षी गठबंधन के सहयोगियों में सीट बंटवारे को लेकर चर्चा चल रही थी।




इन पर टीएमसी ने जताया भरोसा कूच बिहार से जगदीश चंद्र बसुरिया, अलीपुरद्वार से प्रकाश चिक बराइक, जलपाईगुड़ी से निर्मल चंद्र रॉय, दार्जीलिंग से गोपाल लामा, रायगंज से कृष्ण कल्याणी, बालूरघाट से बिप्लब मित्रा, मालदा उत्तर से प्रसून बनर्जी, मालदा दक्षिण से शहनवाज अली रेहान, जंगीपुर से खलीलुर्रहमान, बेहरमपुर से यूसुफ पठान, कृष्णापुर से महुआ मोइत्रा, राणाघाट से मुकुट मणी अधिकारी, मुर्शीदाबाद से अबुताहेर खान, जादवपुर से सयानी घोष, डायमंड हार्बर से अभिषेक बनर्जी, आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, रायगंज से कृष्णा कल्याणी।

बनगांव से विश्वजीत दास, बशीरहाट से हाजी नुरुल इस्लाम, कलकत्ता से सुदीप बनर्जी, हावड़ा से प्रसून बनर्जी, हुगली से रचना बनर्जी, तामलुक से देवांशु भट्टाचार्य, घाटल से दीपक अधिकारी (देव), झारग्राम से पद्मश्री कालीपद सोरेन, बांकुरा से अरूप चक्रवर्ती, बीरभूम से शताब्दी रॉय, विष्णुपुर से सुजाता मंडल खान, श्रीरामपुर से कल्याण बनर्जी।

# सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज खानविलकर बने लोकपाल के अध्यक्ष

## राष्ट्रपति मुर्मू ने दिलाई पद की शपथ



**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अजय माणिकराव खानविलकर को लोकपाल के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। भ्रष्टाचार रोधी संस्था के प्रमुख का पद बीते करीब दो साल से खाली था। शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में हुआ। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद थे। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति मुर्मू ने रविवार की शाम राष्ट्रपति भवन में न्यायमूर्ति खानविलकर को लोकपाल के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) खानविलकर को फरवरी के अंतिम सप्ताह में लोकपाल अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। 27 मई 2022 को पिनाकी चंद्र घोष का कार्यकाल पूरा हो गया था। तबसे लोकपाल बिना अध्यक्ष के काम कर रहा था। पूर्व मुख्य न्यायाधीश ऋतु राज अवस्थी, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश लिंगप्पा नारायण स्वामी औ इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजय यादव को पिछले महीने लोकपाल में न्यायिक सदस्य नियुक्त किया गया था।

# अकबरनगर में फैली अफवाह से बढ़ा बवाल और हालात हो गए बेकाबू

## उग्र भीड़ ने किया पथराव और तोड़फोड़



तेजयुग न्यूज

**लखनऊ :** सम्राट फर्नीचर की अवैध कॉमर्शियल बिल्डिंग ढहने के बाद जब लोगों का विरोध और हंगामा शुरू हुआ उसी दौरान अफवाह फैली कि मलबे में कई लोग दब गए हैं और मकान भी ढहाए जाएंगे। इसके बाद बवाल बढ़ गया। भीड़ कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थी। पथराव कर एलडीए की टीम को खदेड़ने में जुट गई। बाद में ज्वॉइंट पुलिस कमिश्नर ने अनाउंसमेंट किया कि कोई हताहत नहीं है और न ही कोई मकान गिराए जाएंगे। इसके बाद हालात और सामान्य हुए।

दरअसल हाईकोर्ट ने 31 मार्च की आधी रात तक अवैध मकानों आदि को खाली करने का आदेश दिया है। हालांकि अवैध कॉमर्शियल इमारतों पर कार्रवाई जारी है। उस पर किसी तरह की कोई रोक नहीं है। जब सम्राट फर्नीचर की कॉमर्शियल इमारत को ढहाया गया, तो अचानक से सोशल मीडिया से लेकर इलाके में अफवाह फैली कि मलबे में तीन चार लोग दब गए हैं। यही नहीं लोगों का कहना था कि एलडीए कॉमर्शियल के साथ-साथ आवासीय इमारतों को भी ढहाएगा। लोगों को लगा कि मकान भी तोड़ दिए जाएंगे। तब भीड़ और उग्र हो गई और पथराव के साथ तोड़फोड़ भी शुरू कर दी। अगर अफवाह न फैलती तो शायद इतना बवाल न होता। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से अपील की गई है कि अफवाह न फैलाएं। अगर कोई अफवाह फैलाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**तमाम सीसीटीवी तोड़े, महिलाओं से नोकझोंक :** पॉलीटेक्निक से बादशाहनगर की ओर जाने वाली सड़क पर भीड़ आ गई थी। पथराव के दौरान मेट्रो के पिलर पर लगे करीब 12 सीसीटीवी कैमरों को भी भीड़ ने निशाना बनाया। शायद इसलिए कि जिससे उनका उत्पात कैमरे में न कैद हो सके। जब पुलिस ने भीड़ को खदेड़ दिया तब सड़क पर सीसीटीवी कैमरे बिखरे मिले। वहीं मोहल्ले की महिलाओं से जमकर नोकझोंक हुई।

### साजिश के तहत फैलाई अफवाह

पूरे बवाल में यह भी आशंका है कि साजिश के तहत अफवाह फैलाई गई, जिससे बवाल हो और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई रुक जाए। अगर ऐसा किया गया होगा तो ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ऐसे कई और पहलुओं पर भी तफ्तीश कर रही है।

### कुर्सी, पटरों से खुद को बचाया

लंबे वक्त से इलाके में ध्वस्तीकरण अभियान चल रहा है। इसलिए एलडीए की टीम ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर रही थी। कुछ लोग धरने पर भी बैठे। जरा भी भनक नहीं थी कि भारी बवाल हो जाएगा। यही वजह है कि ध्वस्तीकरण के दौरान पुलिसकर्मी सुरक्षा उपकरण नहीं पहने थे। अचानक से पथराव शुरू होने पर बचने के लिए उन्होंने कुर्सी, पटरे और प्लाई का सहारा लिया।

# यूपी में सबको मिला सीएम आवास योजना का लाभ

▶▶ मुसहर, कोल, वनटांगिया, बोक्सा और नट समेत कई पिछड़ी जातियों को आवास आवंटित

तेजयुग न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के गरीब और आवासविहीन लोगों के लिए आवास की व्यवस्था करने में पूरी तत्परता से जुटी हुई है। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 2018-19 से लेकर 2023-24 तक कुल 2.57 लाख आवासों का हुआ आवंटन किया जा चुका है। खास बात ये है की योजना के अंतर्गत खासतौर पर पिछड़ी जातियों का विशेष ध्यान रखा गया है। बड़ी संख्या में मुसहर, कोल, वनटांगिया, थारू, सहरिया, चेरो, बैगा, नट और बोक्सा जातियों से जुड़े लोगों को आवास प्रदान किए गए हैं। इसके साथ ही दिव्यांग और दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को भी योजना का भरपूर लाभ मिला है,





जबकि कुष्ठ रोग, कालाजार और जापानी इंसेफेलाइटिस/एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम जैसी बीमारियो से ग्रसित लोगो को भी आवास उपलब्ध कराए गए हैं।

**इन्हें आवंटित किए गए आवास:** प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सरकार ने 2018-19 से 2023-24 तक मुसहर जाति से जुड़े लोगों को 47,795 आवास, कोल को 29,923, वनटांगिया को 4,838, थारू को 3,233, सहरिया को 6,979, चेरो को 5,367, बैगा को 1,584, नट को 2,220, बोक्सा को 164, और पछइया लोहार को 17 व गढ़इया लोहार को 11 आवास प्रदान किए गए हैं। वहीं, 71,257 आवास दिव्यांगजन को प्रदान किए गए हैं तो दैवीय आपदा से अपना मकान गंवाने वालों को भी 78,101 आवास प्रदान किए गए हैं।

इसके अलावा कुष्ठ रोग से पीड़ित 5,021, जेई/ एईएस को 674 और कालाजार पीड़ितों को 249 आवास आवंटित किए गए।